सं: 1:05:138:II:सीएस

दिनांक: 10 नवंबर, 2022

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051**	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-**25**, पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400 001**

विषय: <u>बोर्ड बैठक का परिणाम</u>

महोदया/महोदय,

हमारे 27 अक्तूबर, 2022 और 4 नवंबर, 2022 के पूर्ववर्ती पत्रों के अनुक्रम में, आपको सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज दिनांक 10 नवंबर, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पर विचार किया और अपना अनुमोदन प्रदान किया:

1. **30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (स्टैंडअलोन और समेकित)।**

तदनुसार, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में, 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (स्टैंडअलोन और समेकित) और उस पर हमारे सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 23(9) के संदर्भ में 30 सितंबर, 2022 को समाप्त छमाही के लिए संबंधित पक्षकार लेनदेन का प्रकटीकरण भी इसके साथ संलग्न है।

2. **वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रत्येक 10/- रुपए के प्रदत्त इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य पर प्रति इक्विटी शेयर (टीडीएस की कटौती के अध्यधीन) 3.00 रुपए (केवल तीन रुपए) की दर से दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा।**

इसके अलावा, सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की पात्रता हेतु 25 नवंबर, 2022 (शुक्रवार) को 'रिकॉर्ड तिथि' मानी जाएगी।

पूर्वोक्त अंतरिम लाभांश के भुगतान/प्रेषण की तारीख **09 दिसंबर**, **2022** को या उससे पहले होगी।

बोर्ड की बैठक पूर्वाह्न 11.30 बजे शुरू होकर दोपहर 2.00 बजे संपन्न हुआ।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com